बेसलाइन आकलन प्रपत्र

कक्षा 6 विषय हिन्दी

प्रश्न 1. निम्न में से बहुबचन वाला शब्द कौन सा है -

(क) बकरी (ख) भैस (ग) घोड़े (घ) बन्दर

प्रश्न 2. नीचे लिखे गए शब्दों को पढ़िए -

भरकम , मखमल , गुलाब , चटाई , दवाई

प्रश्न 3. निम्न में से एकवचन शब्द ढूँढिए -

(क) पुस्तक (ख) पेंसिलें (ग) कापियाँ (घ) कुर्सियाँ

प्रश्न 4. निम्न में कौन संज्ञा शब्द नहीं है -

(क) राहुल (ख) किताब (ग) इलाहाबाद (घ) तुम्हारा

प्रश्न 5. निम्न में सर्वनाम शब्द ढूँढिए -

(क) सीता (ख) यह (ग) राम (घ) बिहार

प्रश्न 6. निम्न में विशेषण शब्द है -

(क) पपीता (ख) भालू (ग) घोड़ा (घ) मोटा

प्रश्न 7. क्रिया शब्द कौन सा है -

(क) काला (ख) भेड़ (ग) रोना (घ) गधा

प्रश्न 8. 'उपहार' शब्द कौन से उपसर्ग को जोड़कर बनाया गया है -

(क) हार (ख) उपहार (ग) आर (घ) उप

प्रश्न 9. निम्न शब्दों की सहायता से कहानी को पूरा कीजिए -

दही, खुश, घी, गाय , दूध , घास

रमेश के घर में गाय है | गाय हरी .... खाती है | वह मीठा .... देती है | रमेश की माँ गाय के दूध से ..... और ..... बनाती है | रमेश और उसकी बहन ..... के साथ खेलते हैं | खेलते समय दोनों बहुत .... होते हैं |

masterjeeonline.com

प्रश्न 10. निम्न शब्दों का विलोम शब्द लिखिए -

अमीर ....   गरम ....

बाहर ....   मोटा ....

प्रश्न 11. निम्न शब्दों का एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखिए -

सूर्य ....   कमल............

रात ....   बादल ....

प्रश्न 12. अवकाश के लिए विद्यालय के किस व्यक्ति को संबोधित प्रार्थना पत्र लिखा जाता है -

(क) सहायक अध्यापक (ख) ग्राम प्रधान (ख) कक्षा अध्यापक (घ) प्रधानाध्यापक

प्रश्न 13. 'अंधे की लाठी' मुहावरे का अर्थ होता है -

(क) दिखाई न देना (ख) मजबूत लाठी (ग) एकमात्र सहारा (घ) लाठी टूटना

प्रश्न 14. 'काला अक्षर भैंस बराबर' का आशय है -

(क) निरक्षर (ख) भैस के बराबर अक्षर लिखना (ग) कम अक्ल होना (घ) अक्षर बड़े होना

प्रश्न 15. प्रत्येक शब्द में 'अव' शब्द को प्रारम्भ में जोड़कर लिखिए -

जैसे : अव + मूल्यन = अवमूल्यन

गुण ....   नमन ....

प्रश्न 16. जो शब्दों किसी अन्य शब्द के आगे जुड़कर नए सार्थक शब्द का निर्माण करते हैं, उन्हें क्या कहते हैं -

(क) प्रत्यय (ख) उपसर्ग (ग) पर्यायवाची (घ) विशेषण

प्रश्न 17. नीचे दिए गए वाक्य को पूरा कीजिए -

(क) राम कक्षा 6 में .... है |

(ख) रामू मैदान में खेल .... है |

masterjeeonline.com

प्रश्न 18. फरवरी/मार्च के महीने में निम्न में से कौन सा त्यौहार मनाया जाता है -

(क) दीपावली (ख) दशहरा (ग) नाग पंचमी (घ) होली

प्रश्न 19. 'बुराई पर अच्छाई की विजय' का प्रतीक किस त्यौहार को कहा जाता है -

(क) दशहरा (ख) बसंत पंचमी (ग) नाग पंचमी (घ) महाशिवरात्रि

प्रश्न 20. 26 जनवरी को कौन सा पर्व मनाया जाता है -

(क) स्वतंत्रता दिवस (ख) शान्ति दिवस (ग) गणतन्त्र दिवस (घ) शहीद दिवस

प्रश्न. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

उत्तरांचल में पहाड़ों के बीच में एक ऐसी जगह है, जहाँ फूल ही फूल होते हैं | यह 'फूलों की घाटी' कहलाती है | कहीं झाड़ियों में लगे लाल फूल नजर आते हैं, तो कहीं पत्थरों के बीच सफ़ेद फूल झांकते हुए मिलते हैं | पीले-पीले फूलों के लम्बे-चौड़े कालीन जैसे मैदान भी हैं | कहीं-कहीं अचानक घास के बीच छोटे-छोटे तारों जैसे नीले फूल दिखाई देते हैं | यह सब सपने जैसा लगता है न ? हाँ, इस घाटी में भी इतने सारे फूल साल में कुछ ही हफ़्तों के लिए खिलते हैं |

21. फूलों की घाटी कहाँ स्थित है ?

....

22. झाड़ियों में किस रंग के फूल नजर आते हैं ?

....

23. पत्थरों के बीच किस रंग के फूल दिखाई देते हैं ?

....

24. पीले-पीले फूलों के लम्बे-चौड़े मैदान कैसे दिखते हैं ?

....

25. अगर आपको फूलों का बगीचा लगाना हो तो क्या करोगे ?

....

masterjeeonline.com